Nai Dunia (Indore), 18th March 2024, Nai Dunia City, Page-IV

# विद्यार्थियों को मिली ड्रोन प्रौद्योगिकी, रेगुलेशन और एप्लिकेशन की ट्रेनिंग

## आइआइटी इंदौर द्वारा मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया छह दिवसीय बूट कैंप

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर द्वारा मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी में छह दिवसीय बूट कैंप आयोजित किया गया। यह कैंप स्मार्ट यूएएसः कम्युनिकेशन, नेविगेशन और एप्लिकेशन में एआइ व एमएल विषय पर था। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की परियोजना स्वयानः मानव रहित विमान प्रणालियों में मानव संसाधन विकास के लिए क्षमता निर्माण के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आइआइटी इंदौर में स्वयान के प्रोजेक्ट लीड डा. देवेश मिश्रा ने कहा कि इस बूटकैंप का उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकी, आपरेशन, रेगुलेशन, कम्युनिकेशन, नेविगेशन और एप्लिकेशन में विशेष प्रशिक्षण देना और ज्ञान का विकास करना है। यह पहल प्रतिभागियों के कौशल और समझ के साथ उन्हें सशक्त बनाने के लिए की गई है। इससे वे विकसित हो रहे मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) क्षेत्र में प्रभावी ढंग से योगदान करने के लिए तैयार हो सकें। यूएएस प्रौद्योगिकी में रुचि रखने वाले मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के लगभग 120 विद्यार्थियों ने कैंप में हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों ने इस क्षेत्र में अपनी दक्षता बढ़ाते हुए ड्रोन प्रौद्योगिकी, आपरेशन और रेगुलेशन आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की।